# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

**पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य/2022** **दिनांक 27/06/2025**

**सेवा में,**

**पुलिस उपाधीक्षक/स्टॉफ ऑफिसर**
**अपर पुलिस महानिदेशक,**
**वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।**

कृपया पत्र संख्याः41/छः-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) के परिपेक्ष्य में आप अपने पत्र संख्या सोशल मीडिया-(18/2020 का अवलोकन करें, जो पुलिस विभाग एवं उसकी अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 26.06.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

**01. थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा अन्तर्जनपदीय 03 शातिर चोरो की गिरफ्तारी करते हुए चोरी की 11 मोटर साइकिल व 02 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 26.06.2025 को प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली मय टीम द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर बिलैचिया मोड़ तिराहा के पास से अभियुक्तगण 1 .बिट्टू कुमार पुत्र गुड्डू राम निवासी ग्राम बहलीपुर थाना सरायलखंसी जनपद मऊ 2. नफीस अंसारी पुत्र पप्पू अंसारी(मिस्त्री) निवासी शेखपुरा थाना कोतवाली गाजीपुर एवं 3.रवि कुमार बिन्द पुत्र सिंहासन बिन्द निवासी ग्राम चकिया थाना सुहवल जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार किया गया एवं इनके पास से चोरी की 02 मोटर साइकिल व अभियुक्त बिट्टू कुमार के पास से एक तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिंदा कारतूस व अभियुक्त रवि बिन्द के पास से एक अदद तमंचा व 01 अदद जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ एवं अभियुक्तगण द्वारा चोरी की अन्य 09 मोटर साइकिल अंधऊ हवाईपट्टी के पास थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर से भिन्न भिन्न स्थान से बरामद कराया गया। जिसके सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 456/2025 धारा 317(2),317(4), 317(5),319(2), 318(4) BNS व 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण का नाम व पताः-**

1 .बिट्टू कुमार पुत्र गुड्डू राम निवासी ग्राम बहलीपुर थाना सराय लखंसी जनपद मऊ उम्र करीब 20 वर्ष

2 .नफीस अंसारी पुत्र पप्पू अंसारी(मिस्त्री) निवासी शेखपुरा थाना कोतवाली गाजीपुर उम्र करीब 18 वर्ष

3 .रवि कुमार बिन्द पुत्र सिंहासन बिन्द निवासी ग्राम चकिया थाना सुहवल जनपद गाजीपुर उम्र करीब 23 वर्ष

विवरण पूछताछ— पूछताछ से अभियुक्तगण उपरोक्त द्वारा बताया गया कि हम लोग आपस में मिलकर योजना बनाकर जनपद गाजीपुर और आस पास के जिला जौनपुर, वाराणसी, बलिया, आजमगढ़ और बिहार में भी

जाकर मोटर साइकिल की चोरी करते हैं। इसलिये यह तमंचा भी मैं अपनी सुरक्षा के लिये पुलिस से बच बचाकर लेकर चलते है। हम लोगों ने मिल कर कई मोटर साइकिलों की चोरी किया है। हम लोग उन्हीं मोटर साइकिलों को बेचकर अपना और अपने परिवार का खर्च चलाते हैं। उनमें से कुछ मोटर साइकिलो को पहले भी बेच दिये हैं तथा चोरी की कुछ मोटर साइकिलें छिपा कर रखे हैं। हम लोग चोरी की मोटर साइकिलों का नम्बर प्लेट पर अंकित सही नंबर को हटाकर अपने मन से किसी और गाड़ी के नम्बर को लिख देते हैं तथा चेचिस नं0 को खुरच कर मिटा देते हैं जिससे मोटरसाइकिल के सही मालिक का पता न चल सके और इन मोटरसाइकिलों का हम लोग प्रयोग भी करते हैं तथा उनको सुरक्षित स्थान पर छुपा देते है। तथा कडाई से पूछताछ करने पर छुपाकर अंधऊ हवाईपट्टी के पास झाड़ियों में भिन्न भिन्न जगहों पर कुल 9 मोटर साइकिलें भी बरामद कराया गया।

**बरामदगी –**

1 .एक अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिंदा कारतूस ( अभि0 बिट्टू कुमार के पास से )
2 .एक अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिंदा कारतूस ( अभि0 रवि बिन्द के पास से)
3 .मोटर साइकिल स्प्लेन्डर प्लस काले रंग की बिना नम्बर, चेचिस नम्बर MBLHAR077HHK36949
4 .मोटर साइकिल हीरो स्प्लेण्डर प्लस काले रंग की बिना नम्बर, चेचिस नम्बर–MBLHAW120LHL50074
5 .मो0सा0 हीरो लिवो रंग लाल नम्बर प्लेट, UP25CJ7342, चेचिस नं0 ME4JC713FGT034714
6 .मोटर साइकिल एचएफ डीलक्स प्लेट पर BR44J4154, चेचिस नं0-. MBLHAR238H9M18387
7 .मोटर साइकिल स्पलेन्डर प्लस जिसके नम्बर प्लेट पर UP61AR8080
मोटर साइकिल सुजुकी नं0 UP65CF8668, चेचिस नं0 MB8NG4BADF8147173
8 .मोटर साइकिल प्लैटिना चेचिस नम्बर घिसा हुआ है, इंजन नं0 DUUBSD84574
9 .मोटर साइकिल स्पलेन्डर प्लस चेचिस नं0 07F16F04697
10 .मोटरसाइकिल बजाज पल्सर बिना नम्बर प्लेट काले रंग का जिसके चेचिस नं0 MD2A11CZ5GRG32027
11 .मोटर साइकिल स्प्लेन्डर प्लस बिना नम्बर प्लेट की जिसका चेचिस नं0 MBLHAW115MHG11775
12 .मोटर साइकिल स्प्लेन्डर प्लस बिना नम्बर प्लेट की जिसका चेचिस नं0 MBLHAW115MHG11775

**अभियुक्तगण का आपराधिक इतिहास –**

1.बिट्टू कुमार पुत्र गुड्डू राम निवासी ग्राम बहलीपुर थाना सराय लखंसी जनपद मऊ
a. मु0अ0सं0-456/2025 धारा 317(2),317(4),317(5),319(2),318(4) BNS व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर।

2.नफीस अंसारी पुत्र पप्पू अंसारी(मिस्त्री) निवासी शेखपुरा थाना कोतवाली गाजीपुर
a . मु0अ0सं0-456/2025 धारा 317(2),317(4),317(5),319(2),318(4) BNS व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर।

3.रवि कुमार बिन्द पुत्र सिंहासन बिन्द निवासी ग्राम चकिया थाना सुहवल जनपद गाजीपुर
a . मु0अ0सं0-456/2025 धारा 317(2),317(4),317(5),319(2),318(4) BNS व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर।

b. मु0अ0सं0-66/2023 धारा 307 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना भांवरकोल जनपद गाजीपुर।

c. मु0अ0सं0-04/2023 धारा 3(1) गैगेस्टर एक्ट थाना भांवरकोल जनपद गाजीपुर।

d. मु0अ0सं0-119/2022 धारा 395,412 भादवि थाना भांवरकोल जनपद गाजीपुर।

**02. थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा जान से मारने की नियत से ट्रैक्टर चढाने का प्रयास करने वाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 01.05.2025 को वादी मुकदमी श्री विरेन्द्र चौधरी पुत्र देवी चरण निवासी बयेपुर थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर की प्रतिवादीगण द्वारा ट्रैक्टर से फसल जोत देना तथा मना करने पर जान से मारने की नियत से ट्रैक्टर चढाने का प्रयास करने के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 301/2025 धारा 109,352,351(3),324(4),329(3) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। आज दिनांक 26.06.2025 को प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली मय टीम द्वारा अभियुक्त के घर बयेपुर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

1 .भोला राम पुत्र गोपी राम निवासी बयेपुर थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर उम्र करीब 34 वर्ष

आपराधिक इतिहास –

1 .मु0अ0सं0-301/2025 धारा 109,352,351(3),324(4),329(3) बीएनएस थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर।

2 .मु0अ0सं0-171/2025 धारा 324(5), 351(3), 352 बीएनएस थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर।

3 .मु0अ0सं0-571/2025 धारा 351(3), 352 बीएनएस थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर।

**03. एस0टी0एफ0 टीम वाराणसी व थाना नन्दगंज पुलिस टीम द्वारा 50,000/- के ईनामिया/वांछित बदमाश को किया गया गिरफ्तार।**

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 26.06.2025 को एस0टी0एफ0 टीम वाराणसी व थाना नन्दगंज पुलिस द्वारा लम्बे समय से फरार चल रहे ईनामिया/वांछित अभियुक्त प्रदीप राय उर्फ अंकित राय पुत्र किशुनदेव राय निवासी इमिलिया थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर को मुखबिर खास की सूचना के आधार पर प्रयागराज जंक्शन से ट्रेन नं0 12582 नई दिल्ली से बनारस आ रही ट्रेन से एकबारगी दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना नंदगंज पर मु0अ0सं0 40/2021 धारा 302, 307, 34 भा0द0वि0 में अभियोग पंजीकृत किया गया था। उक्त मुकदमे में गिरफ्तारी से बचने के लिए अभियुक्त लगातार अपने घर एवं मिलने के सम्भावित स्थानों से फरार चल रहा था। ऐसी स्थिति में अभियुक्त प्रदीप राय उर्फ अंकित राय उपरोक्त के विरूद्ध मुकदमा उपरोक्त में मफरूरी में आरोप पत्र किताकर अभियुक्त प्रदीप राय उर्फ अंकित राय उपरोक्त की गिरफ्तारी हेतु श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद गाजीपुर द्वारा 50,000/- ईनाम की धनराशि घोषित की गई थी। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

1. प्रदीप राय उर्फ अंकित राय पुत्र किशुनदेव राय निवासी इमिलिया थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर उम्र करीब 35 वर्ष

**<u>गिरफ्तारी का स्थान-</u>** प्रयागराज जंक्शन जनपद प्रयागराज उ0प्र0।

**<u>अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-</u>**

1. मु0अ0सं0 40/2021 धारा 302, 307, 34 भा0द0वि0 थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर
2. मु0अ0सं0 179/2021 धारा 174-A भा0द0वि0 थाना नन्दगंज जनपद गाजीपुर

**पुलिस अधीक्षक**
**गाजीपुर**